# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–13.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में कहा – भारत अब आतंकवाद का जवाब अपने तरीके से देगा।**
2. **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेएससीए चुनाव में प्रशासनिक दखल पर जताई आपत्ति, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने की अपील की।**
3. **हजारीबाग और सरायकेला पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी और गोलीबारी के अलग अलग मामलों का किया खुलासा, कुल आठ आरोपी हुए गिरफ्तार।**
4. **मौसम विभाग ने दी चेतावनी, अधिकतम तापमान में आज हो सकती है 4 से 5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी, लू लगने का खतरा बढ़ा।**
5. **51वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में झारखंड की बेटियों का शानदार प्रदर्शन, तेलंगाना को हराकर जीता कांस्य पदक।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारतीय सशस्त्र बलों का ऑपरेशन सिंदूर केवल एक नाम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की सामूहिक भावनाओं का एक शक्तिशाली प्रतीक है। कल शाम राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने अपना लक्ष्य पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है।

*******************

भारत और पाकिस्तान के बीच कल शाम सैन्य संचालन महानिदेशक–डीजीएमओ स्तर की वार्ता हुई। भारतीय सेना ने एक बयान में कहा कि दोनों पक्षों को एक भी गोली नहीं चलानी चाहिए या एक–दूसरे के खिलाफ कोई आक्रामक और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई नहीं करनी चाहिए, इस प्रतिबद्धता को जारी रखने से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बात पर भी सहमति हुई कि दोनों पक्ष सीमाओं और अग्रिम क्षेत्रों से सैनिकों की संख्या में कमी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उपायों पर विचार करें।

*******************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन – जेएससीए चुनाव में प्रशासनिक हस्तक्षेप रोकने और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी अधिकारी चुनाव प्रचार में खुलेआम शामिल होकर पद और प्रभाव का दुरुपयोग कर रहे हैं। श्री मरांडी ने पूर्व में भी जेएससीए चुनाव में सत्ता के दुरुपयोग और भाई–भतीजावाद का हवाला दिया। उन्होंने मांग की कि चुनाव पर निगरानी के लिए स्वतंत्र संस्था की नियुक्ति हो और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

*******************

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने देश की आधी आबादी को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार की ओर से महिलाओं के नाम से मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिया जाता है। और जानकारी दे रहे हैं

******************

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की माई भारत योजना के तहत युवाओं को सिविल डिफेंस वॉलंटियर के रूप में नामांकित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसका उद्देश्य आपदा, दुर्घटना और अन्य आपात स्थितियों में प्रशिक्षित नागरिक बल तैयार करना है जो वालंटियर राहत, बचाव, प्राथमिक उपचार, यातायात नियंत्रण और पुनर्वास कार्यों में प्रशासन का सहयोग करेंगे। इच्छुक युवा mybharat.gov.in पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

******************

हजारीबाग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक स्कूल के पास से **53** ग्राम मादक पदार्थ (ब्राउन शुगर) बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने दो गाड़ियों समेत पांच तस्करों को गिरफ्तार किया। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी दल का गठन कर यह कार्रवाई की गई।

******************

सरायकेला जिले के कांड्रा मोड़ में एक दुकानदार पर फायरिंग करने वाले तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ समीर सवैया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में जितेंद्र महतो, राजीव झा और शुभम शामिल हैं, जिनके पास से एक पिस्तौल और आठ जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

******************

**और अब संक्षिप्त खबरें**

- सरायकेला–खरसावां के नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में कल अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिस में नर्सिंग छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और अतिथियों ने नर्सों के योगदान को मानव सेवा की मिसाल बताया। इस अवसर पर अस्पताल में आयुष्मान भारत के तहत जन औषधि केंद्र का भी उद्‌घाटन किया गया।
- पलामू के सरकारी अस्पतालों में वितरित 20 दवाओं में से 18 केंद्रीय प्रयोगशाला की जांच में निम्नस्तरीय पाई गई हैं। औषधि निरीक्षक कैलाश मुंडा ने बताया कि केंद्रीय प्रयोगशाला को भेजे गए 62 दवा सैंपलों में शेष 42 दवाओं की जांच रिपोर्ट आनी बाकी है और फिलहाल वितरण पर रोक लगा दी गई है।
- पश्चिम सिंहभूम के छोटानागरा थाना क्षेत्र में कल नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट में घायल झारखंड जगुआर के जवान मनोज कुमार को हेलीकॉप्टर से रांची भेजा गया था। फिलहाल उनका इलाज जारी है और स्थिति स्थिर बताई गई है।

******************

मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार राज्य के अधिकतम तापमान में आज 4 से 5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही हजारीबाग, चतरा, पलामू, लातेहार और कोडरमा को छोड़ बाकी जिलों में शाम के बाद हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने दोपहर 12 से 3 बजे के बीच हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

******************

**और अब कुछ खेल की खबरें**

1) 51वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में झारखंड की झारखंड की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। महाराष्ट्र में हुए मुकाबले में झारखंड ने तेलंगाना को 29 अंकों से हराया। कोच शिव सागर और मैनेजर दिव्यांश राज के नेतृत्व में टीम ने यह उपलब्धि हासिल की।
2) खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में झारखंड के निलेश लकड़ा ने वेटलिफ्टिंग के 45 किलो वर्ग में रजत पदक और साजिद ने 110 मीटर हर्डल्स में कांस्य पदक जीता। बालक फुटबॉल टीम ने मेघालय को 2–1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। खेल सचिव मनोज कुमार सहित अधिकारियों ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई दी।
3) रांची में आयोजित 11वीं जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने 18 स्वर्ण पदक जीतकर ऑल ओवर चैंपियन का खिताब हासिल किया। प्रतियोगिता में 372 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें फाइट श्रेणी में आचार्यकुलम प्रथम स्थान पर रहा।

*******************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित लगभग सभी प्रमुख अखबारों ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हवाले से लिखा है– भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल बर्दाश्त नहीं करेगा।

**दैनिक जागरण लिखता है– ट्रेड–टेरर–टॉक** एक साथ नहीं, परमाणु धमकी नहीं सहेगा भारत।

**हिन्दुस्तान ने लिखा है** – बैक टू स्कूल की होगी मॉनिटरिंग, 192 विद्यालयों का होगा निरीक्षण।

**प्रभात खबर की सुर्खी है** – कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ।

********समाप्त**********